दिनांक–29 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लखनऊ में उन्नीसवीं राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में शामिल हुयीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। कहा–युवा शक्ति ही दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत की नींव।
- प्रदेश सरकार ने जारी किया आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार न करने का निर्देश। सभी विभागों से कहा गया सरकारी प्रक्रिया में जन्म प्रमाणपत्र या हाईस्कूल की मार्कशीट को ही दें मान्यता।
- छप्पनवें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव–इफ्फी का हुआ समापन। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने कहा– इफ्फी ने भारत और विश्व के बीच की दूरी को किया समाप्त।
- लखनऊ में चल रहे सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल लखनऊ में आयोजित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के समापन समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के विकास का भविष्य युवा शक्ति पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी संभव होगा, जब युवा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े और अपनी प्रतिभा और कौशल को राष्ट्र निर्माण में लगायें।

. **आज भारत अपनी विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़ा है। वर्ष 2047 को विकसित भारत का लक्ष्य हमारे सामने है। यह सभी तभी संभव है जब हमारे 65ः जनसंख्या जो 35 वर्ष से कम उम्र की है दृढ़ता से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करें। युवाओं को उचित मंच प्रदान करने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है, जिसमें मेरा जुगा जैसा पहल महत्वपूर्ण है।**

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय स्काउट एंड गाइड्स का सेवा भाव उसकी खासियत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परिवेश के युवा एक साथ इकट्ठा होते हैं तो राष्ट्रीय एकता की भावना को बल मिलता है।

***सबसे बड़ी विशेषता है सेवा का भाव चाहे बाढ़ आए हो, भूकंप आया हो या कोई महामारी फैले हो, स्काउट्स एंड गाइज हमें सहायता के लिए सबसे आगे खड़े दिखाई देते हैं। इस संगठन की एक और विशेषता है राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा दिया है। अलग–अलग राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों से आने वाले युवा जो एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, साथ कार्य काटते हैं, तो उनमें आपसी सम्मान, भाईचारा और टीमवर्क की भावना मजबूत होती है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गौरव की बात है कि लखनऊ को 61 वर्षों बाद 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के एतिहासिक आयोजन का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

***जमुहरी का थीम भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के भी जन केंद्र रूप विकसित भारत विकसित युवा रहा है और मुझे प्रसन्नता है पिछले 5 दिनों से लगातार हर एक जवान पर जमुहरी के कार्यक्रम जमुहरी का अनुशासन जमुहरी का आत्मसंयम ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है।***

इससे पहले राष्ट्रपति, लखनऊ में ब्रह्मकुमारीज की 2025–26 के वार्षिक विषय, 'विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान' कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में भी शामिल हुयीं।

**********

प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर कहा है कि आधार कार्ड अब जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियोजन विभाग के विशेष सचिव अमित सिंह बंसल ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड में जन्म तिथि का कोई प्रमाणित दस्तावेज नहीं लगाया जाता, इसलिए इसे जन्म तिथि प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। सरकार ने कड़े निर्देश दिए हैं कि किसी भी सरकारी प्रक्रिया में नियुक्ति, प्रमोशन, सेवा रजिस्टर संशोधन या अन्य संवेदनशील दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल मार्कशीट, नगर निकाय या स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों को ही मान्यता दी जाए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**********

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव–इफ्फी का कल गोवा की राजधानी पणजी में एक भव्य समारोह के बीच समापन हो गया। इस समारोह में गोवा के मुख्य मंत्री प्रमोद सावंत, सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, और समारोह के अध्यक्ष, शेखर कपूर के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि 56वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव –इफ्फी महिलाओं और युवा रचनाकारों को सशक्त बनाने में सफल रहा है। पणजी, गोवा में इफ्फी के समापन समारोह में श्री मुरुगन ने कहा कि इफ्फी ने भारत और विश्व के बीच की दूरी को पाटा है।

**********

प्रदेशभर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान तेजी से चल रहा है। गणना प्रपत्र भरने और उसके डिजिटाइजेशन के लिये अन्तिम तिथि चार दिसम्बर निर्धारित है। अभियान के तहत बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने के साथ ही उसके डिजिटाइजेशन में तेजी से जुटे हुए हैं। गणना प्रपत्र में कौन–कौन सी जानकारी दर्ज करनी है। एक रिपोर्ट–

***विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा घर आकर फॉर्म दिए जाने पर मतदाताओं से मांगी जाने वाली जानकारी के बारे में बताते हुए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने के पहले चरण में जन्मतिथि, आधार, मोबाइल नंबर व अभिभावक की जानकारी मांगी जाती है साथ ही फार्म भरते समय एक नवीनतम फोटो भी लगाना होता है***

***पहली चीज तो ध्यान में रखना है कि अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज साफ फोटोग्राफ देना है। इसके अलावा अपना जन्मतिथि, अपना मोबाइल नंबर, अपना आधार नंबर, आधार नंबर वैकल्पिक है। देना है तो दे सकते हैं। अपने पिता या अभिभावक का नाम, अपनी माता का नाम, अगर व्यक्ति शादीशुदा है तो अपने पति या पत्नी का नाम, इनके एपिक नंबर पता है तो वह दे सकते हैं लेकिन यह सारे तब है अगर उपलब्ध हो।***

***गणना प्रपत्र भरने के अगले चरण में 2003 की मतदाता सूची में अपनी डिटेल्स भरने के लिए voters.eci.gov.in का प्रयोग करते हुए परिवार की जानकारी ढूंढकर भरा जा सकता है। जिन मतदाता का नाम 2003 की लिस्ट में था उन्हें बाएं तरफ के कॉलम में भरना होगा जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं था उन्हें दाएं तरफ के कॉलम में अभिभावकों की जानकारी भरना होगा मुख्य निर्वाचक अधिकारी ने बताया कि किन्ही कारणों से अगर ये जानकारी नहीं मिलती है तो भी हस्ताक्षर करके ये फार्म जमा करना होगा।***

***अपने माता या पिता की डिटेल्स ढूंढ कर डालनी है। उनकी डिटेल्स अवेलेबल ना हो तो उनके माता–पिता यानी दादा–दादी या नाना–नानी में से किसी एक की डिटेल्स डाल सकते हैं। 2003 की वोटर लिस्ट में यह डिटेल्स नहीं मिलती है ढूंढने पर भी तो भी साक्षर करके अगर बीएलओ को दे देगा तो 9 दिसंबर को उसका नाम ड्राफ्ट पोर्टल इसमें आ जाए।***

***मतदाता फार्म भरने की यह प्रक्रिया चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप सेभी पूरी की जा सकती है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा***

**********

लखनऊ में चल रहे सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। तन्वी ने हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो को सीधे सेटों में 21–13, 21–19 से हराते हुए जीत हासिल की। वहीं भारत की उभरती शटलर उन्नति हुड्डा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में भारतीय जोड़ी तृषा जॉली और हरिहरन ने भी ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेटों में हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

**********

प्रदेश में कल हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। सहारनपुर में दिल्ली–देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर कार पर पलट गया, जिससे एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। वहीं मिर्ज़ापुर के कछवां थाना क्षेत्र में प्रयागराज से वाराणसी जा रही कार सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

**********